तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 अर्जुनी में पंचायत प्रतिनिधियों ने किया...



12 पीएससी में चयनित राकेश का स्कूल प्रबंधन ने ...



# नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने श्रमदान कर देवरहा तालाब की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा स्थानीय देवराहा तालाब जाने वाले मार्ग तालाब पार व घाट के आस पास सघन रूप से स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर श्रमदान कर सफाई की गई।

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयं से सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक होने की बात कही, तब ही नगर को साफ एवं स्वच्छ रखा जा सकता है। साथ ही घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरा को एकत्रित करके रखे व नुक्कड़ अथवा बाहर कहीं भी न फेंकें और न ही जलाया करे। जब कचरा गाड़ी आये तो उसमें देना सुनिश्चित करे। देवराहा तालाब में सफाई करते हुए तालाब में जाली डालकर कचरा निकाला गया व पानी की शुद्धता के लिए आवश्यक दवाई भी डाली गई।

इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा (राजू), जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, लोकेश चेलक, गौतम चौहान सहित पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला व स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप सहित अन्य लोगों ने श्रमदान किया।

## स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई अभियान का आयोजन किया





### स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करें

श्रमदान करते हुए शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुरूप स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किये जाने सफाई अभियान चलाया गया है व स्वच्छता गतिविधियों से लोगों में जागरूक फैलाई जा रही है। स्वच्छता मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद आवश्यक है। इस दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगरपालिका द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम में आवश्यक उपकरण व साधन संसाधन उपलब्ध कराया गया, जिससे दूषित कचरों की अच्छे से सफाई की जा सके।

## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 27384 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुव्यवस्थित खरीदी के साथ अवैध धान पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मण्डी सचिव थोक व्यापरियो का सत्यापन एवं अवैध धान पर कार्यवाही करें और जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित करें। इसके साथ ही खाद्य निरीक्षक फिल्ड में मुस्तैद रहकर कड़ी निगरानी करें ताकि अवैध धान किसी उपार्जन केन्द्र में ने खपने पाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अतिरिक्त रकबे का समर्पण कराएं एवं जो किसान समर्पण कर रहे हैं, उसकी डेली रिपोर्ट भी दे। बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल पंजीकृत कृषक 165012 एवं कुल उपार्जन केन्द्र 166 हैं। अब तक 6472 किसानों से 27384.60 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको सूचना मिली थी कि पुराना भट्ठी रोड जोगी तालाब के पास सरायपाली में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम गुलाब जांगड़े पिता लक्ष्मण जांगड़े (29 वर्ष) नूनपानी थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 300 रुपए कोजब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** लड़ाई झगड़ा करने वाले युवकों को मना कर रहे एक अन्य युवक के साथ मारपीट की घटना में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 23 नवंबर की रात करीब 7:30 बजे गौरा चौरा के पास कुम्हारपारा महासमुंद में कुछ लोग लड़ाई झगड़ा और गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें विवाद करने से वार्ड 22 श्रीराम कॉलोनी निवासी टिकेश्वर साहू ने मना किया। जिस पर आरोपी सागर, साहिल और सोनू यादव ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान सोनू यादव द्वारा पास में पड़े ईंट से दाहिने आंख के पास मारा, जिससे प्रार्थी को चोट लगी है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### रेमड़ा में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम रेमड़ा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में दो महिलाओं के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सरस्वती बंछोर ने बताया कि वह अपने पति राजन द्विवेदी के साथ ग्राम रेमड़ा अपने घर में रहती है। 23 नवंबर को वह घर पर अकेली थी, शाम करीबन सात बजे उसकी भाई बहू चंपा ने घर मेरा है और तुम घर से चले जाओ कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं हंसिया से मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई। इस दौरान मां धनबाई ने भी उसके साथ डंडे से मारपीट की। जिससे बांये हाथ कलाई पर चोट आई है। इसके बाद फिर रात्रि 12 बजे उसकी मां धनबाई एवं भाई बहू चंपा द्वारा घर से भाग जाओ कहकर सब कपड़ों को बाहर फेंक दिया।

## फरार 62 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में स्थाई, गिरफ्तारी वारंट की तामीली के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने 12 घंटे में 62 स्थाई गिरफ्तारी वारंट तामिल किया, जो अब तक आधे ही दिन में बड़ी संख्या में स्थाई, गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया है। जिले में सोमवार को प्रातः 4 बजे से वारंटियों की धरपकड़ के लिए थाना, चौकी प्रभारी व उनकी पुलिस टीम लगी हुई थी। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुकछिप कर रहने एवं छिपने के ठिकानों के संबंध में जानकारी जुटाई।



इस बीच कई वारंटियों के रात के अंधेरे में अपने घर आने एवं सुबह होने से पहले फरार होने की जानकारी भी मिली। कई शातिर आरोपी जिले के अपराध में संलग्न होने से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर पहचान छिपाकर सीमावर्ती जिलों में रहने लगे थे। उक्त जानकारियों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा सोमवार तड़के सुबह 4 बजे ही वारंटियों के निवास स्थान एवं छिपने के ठिकानों पर आकस्मिक दबिश दी गई, जिसमें 28 स्थाई वारंटी एवं 34 गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों को पकड़ते हुए कुल 62 वारंट तामिल किये गए। वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### 10 पंचायतों और 28 आश्रित गांवों के किसानों की हुई बैठक

# रकबा कटने और शून्य होने का समाधान करें प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

**निराकरण के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप आंदोलन का लिया निर्णय**



विकासखंड कसडोल अंतर्गत बार नवापारा वनांचल क्षेत्र की सहकारी समिति बार के अधीन आने वाले दस पंचायतों और उनके 28 आश्रित ग्रामों के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

किसानों की मुख्य चिंता उनकी कृषि जमीन के रकबे में कटौती और अनेक किसानों का रकबा शून्य हो जाना है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए किसानों ने तहसील कार्यालय सोनाखान का बार-बार चक्कर काटा, लेकिन वहां उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। तहसील कार्यालय में समाधान न मिलने के बाद, बार क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि वे अपनी समस्या लेकर बलौदाबाजार कलेक्टर कार्यालय जाएंगे।

किसानों ने प्रमोद कुमार साहू को इस निर्णय से अवगत कराया कि वे कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी समस्या के त्वरित समाधान की मांग करेंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि नवंबर माह तक उनकी रकबा संबंधी समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वे बाध्य होकर बड़ा आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। बैठक में सहकारी समिति बार के अध्यक्ष प्रिंस गोलू ठाकुर, पुरषोत्तम प्रधान, भुवन यादव, डिग्री प्रधान, प्रवीण साहू, संपत ठाकुर, अमरध्वज यादव, दिनेश ठाकुर, अनिरुद्ध दीवान, राजकुमार दीवान, लोकनाथ रात्रे, इंद्र दीवान, संतलाल साहू सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मां-बेटे की पिटाई के आरोप में देवर और भतीजा गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती इलाके में एक विधवा महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह हमला किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके ही रिश्तेदार देवर और भतीजे द्वारा किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रार्थिया वर्षा बंजारे ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 21 नवंबर की रात लगभग 9 बजे उसका देवर संदीप बंजारे और भतीजा भूपेंद्र बंजारे जबरदस्ती उसके घर में घुस आए। जमीन बंटवारे को लेकर दोनों ने अश्लील गाली-गलौज किया, जान से मारने की धमकी दी तथा उसके और उसके बेटे के साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार अगले ही दिन 22 नवंबर को भी आरोपी घर के सामने पहुंचकर धमकी देते रहे।

शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 333, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों संदीप बंजारे 54 वर्ष और भूपेंद्र बंजारे 22 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने जमीन विवाद के चलते पीड़िता से गाली-गलौज और मारपीट की बात स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 24 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## कलेक्टर ने पीएससी में चयनित जिले के युवाओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2024 में विभिन्न पदों पर चयनित जिले के प्रतिभावान युवाओं ने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की। कलेक्टर सोनी ने युवाओं को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उन्हें भावी जिम्मेदारियों के बेहतर निर्वहन के लिये शुभकामनाएं दीं। इस दौरान युवाओं के अभिभावक भी उपस्थित थे।

कलेक्टर सोनी ने युवाओं से परिचय प्राप्त कर पीएससी की तैयारी और चयनित पद की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नवप्रेरणा कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उड़ान आईएएस ▸▸ शेष पेज 11 पर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**गिधौरी।** टुण्डरा मार्ग पर पुलिस थाना के आसपास नरधा निवासी यादराम साहू 68 वर्ष को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग यादराम साहू को आनन-फानन में बलौदाबाजार जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते पर दम तोड़ दिया।



जानकारी के अनुसार रविवार रात 7.30 बजे के आसपास नरधा निवासी यादराम साहू अपने गांव नरधा से सायकिल पर सवार होकर अपने बेटे जनोहर साहू के पास ग्राम घटमडवा जा रहा था कि गिधौरी पुलिस थाना के पास पहुंचा था उसी बीच अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग यादराम साहू को जोरदार ठोकर मार दिया और अज्ञात वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया। गंभीर रुप से घायल बुजुर्ग को आनन-फानन में बरपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग यादराम की हालत देखकर ▸▸ शेष पेज 11 पर

## छत्तीसगढ़ में सरकार मस्त, जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने प्रदेश की साय सरकार पर निशाना साधते हुए राज्य में धान खरीदी, बिजली बिल, रजिस्ट्री शुल्क और प्रशासनिक अभियानों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर सरकार मस्त, जनता त्रस्त है।

सुरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रीस्टेक के पंजीयन में हजारों किसानों का रकबा छूट गया है और कई किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पाया है। उन्होंने गिरदावरी के नाम पर रकबा काटने की भी सूचना मिलने की बात कही।

किसानों को टोकन मिलने में भारी समस्या है। कर्मचारियों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के साथ न सिर्फ खिलाफी की है, बल्कि उन्हें धमकी देकर प्रताड़ित भी किया है, जिससे वे बेमन से काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने साय सरकार पर लगाये आरोप

**बिजली बिल और सोलर योजना पर हमला**

शर्मा ने कहा कि बढ़े हुए बिजली बिल ने आम जनता के घर का बजट बिगाड़ दिया है। बिजली बिल सभी उपभोक्ताओं को झटके पे झटका दे रहा है। सरकार केवल चैन की बंशी बजा रही है और सोलर ऊर्जा के सपने दिखा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि लाखों आवेदन पेंडिंग होने पर 45 लाख उपभोक्ताओं तक यह योजना कैसे पहुंचेगी। फ्लैट में रहने वालों और प्रधानमंत्री आवास में रहने वाले गरीब तबके के लिए 78,000 रुपये का खर्च उठाना कैसे संभव होगा, यह प्रश्न अनुत्तरित है।

**रजिस्ट्री और जमीन के पुर्नमूल्यांकन पर आरोप**

सुरेंद्र शर्मा ने सरकार की राजस्व नीति पर भी आरोप लगाते हुए कहा आमतौर पर भूमि का पुर्नमूल्यांकन मार्च माह में होता है, लेकिन साय सरकार ने न सिर्फ छोटे प्लॉट की बिक्री पर रोक लगाई, बल्कि रजिस्ट्री खर्च को ढाई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने इसे जनता के समर्थन का दंड बताया।उन्होंने एस आई आर सर्वे ऑफ इलेक्टोरल रोल अभियान पर भी आपत्ति जताई और कहा कि कर्मचारी और मतदाता इस अभियान से ▸▸ शेष पेज 11 पर

### 1 लाख के बदले 15 लाख नकली नोट देने का दिया था झांसा

# ठगी का फरार आरोपी दो साल बाद पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ **मामले में दो आरोपियों की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी**

जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वर्षों से फरार चल रहे नकली नोट देने का झांसा देकर ठगी करने वाले मुख्य आरोपी रवि जाटवर को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी छत्तीसगढ़ के पामगढ़ क्षेत्र में अपना नाम विक्टर जॉन बदलकर रह रहा था।

बिलाईगढ़ थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया कि प्रार्थी खेमराज निराला निवासी ग्राम सिलादेई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट के अनुसार उसकी मुलाकात झाड़-फूंक के संबंध में पिलाराम यादव निवासी ग्राम बरेली, पुलिस चौकी गिरौदपुरी से हुई थी।

पिलाराम यादव ने प्रार्थी को बताया कि उसका एक साथी 1 लाख असली नोट के बदले 15 लाख रुपए के असली जैसे डुप्लीकेट नोट देता है जो हर जगह चलते हैं।



पिलाराम ने प्रार्थी की बात रवि कुमार जाटवर निवासी अमलडीहा से करवाई। दोनों ने मिलकर प्रार्थी को पूर्ण रूप से विश्वास दिलाया कि वे कई जगह ऐसे नोट दे चुके हैं।

प्रार्थी उनकी बातों में आकर दो साल पहले 26 नवम्बर को पवनी मोड़ पहुंचा।

पहले उसे सोनिया बंजारे नामक खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया।

राशि ट्रांसफर होने के बाद, लगभग 4 बजे रवि जाटवर, राहुल जाटवर और पीतांबर पंकज पवनी मोड़ पहुंचे और शेष 90 हजार रुपये नकद ले लिए।

आरोपियों ने कहा कि वे अगले दिन 27 नवम्बर को टुंडरी बेरियर के पास नकली नोट पहुंचा देंगे।

उक्त तिथि को जब प्रार्थी अपने साथी के साथ टुंडरी बेरियर पहुंचा, तो रवि जाटवर ने टालमटोल करना शुरू कर दिया और बाद में अपना मोबाइल बंद कर लिया।

ठगी का एहसास होने पर जब प्रार्थी ने पिलाराम को फोन कर पैसे वापस मांगे, तो पिलाराम ने उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ही तीन आरोपी पिलाराम यादव, राहुल जाटवर और पीतांबर पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी रवि जाटवर तीन वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने अब उसे पामगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है, जहां वह विक्टर जॉन के नाम से रह रहा था।

## एसआईआर पर हथबंद नवापारा भाजपा की हुई संयुक्त बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सुहेला, हथबंद एवं नवापारा मंडल की संयुक्त एसआईआर कार्य समीक्षा एवं गति प्रदान करने बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा मंत्री जयंती पटेल तथा विजय केसरवानी के मार्गदर्शन में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री, जनप्रतिनिधि, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी एवं मंडल महामंत्री प्रेमलता वर्मा, युगल किशोर वर्मा, रामकुमार साहू, भुनेश्वर साहू, होरीलाल वर्मा, द्वारिका वर्मा, धनीराम साहू, सुमित वर्मा, सरोज साहू, दिनेश चवरे, टाकेश्वर वर्मा, कीर्ति वर्मा, जामुन बंजारे, दुर्गा वर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसआइआर विधानसभा टोली, मंडल ▸▸ शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

## वकील की कार को सरिया से भरे ट्रक ने मारी टक्कर

रायपुर। राजधानी रायपुर में पेशे से वकील एक व्यक्ति की कार को ट्रक ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में वकील और उनके साथ कार में बैठे वरिष्ठ वकील नागेश्वर यादव, उनकी पत्नी आशा यादव और उनके बच्चे सुरक्षित रहे, लेकिन वकील को सिर में चोट आई और कार को भारी नुकसान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के शिकार वकील ओशो भवन रोड गुढ़ियारी के रहने वाले हैं और रायपुर में वकालत करते हैं। उन्होंने बताया कि वे 23 नवंबर को अपनी मारुती सुजुकी आल्ट्रो सीजी 04 एल ई 5042 कार में वरिष्ठ वकील नागेश्वर यादव, उनकी पत्नी आशा यादव और उनके बच्चों को लेकर रायपुर से दुर्ग जा रहे थे। कार को स्वयं चला रहे थे। जैसे ही वे मारुति सुजुकी शोरूम के सामने पहुंचे, तब अचानक सामने से ट्रक ट्रेलर क्रमांक आरजे-09-जीई-4710 आया, जिसमें सरिया लोड था। ट्रक चालक ने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए वकील की कार के पीछे से टक्कर मार दी।

## एसआईआर को लेकर कलेक्टर ने दिए नए आदेश

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने नए आदेश जारी किए हैं। हाल ही में जिले में हुए प्रशासनिक तबादलों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की जिम्मेदारियों में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संशोधन के तहत कई ब्लॉक और नगरीय निकायों के निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी की पुनः नियुक्ति की गई है। जारी आदेशों के अनुसार जिन अधिकारियों का स्थानांतरण विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में हुआ है, उनकी जगह नए अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण एक अत्यंत संवेदनशील और समयबद्ध प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गजेंद्र को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने गजेंद्र सिंह राठौर



को पीवी-बैटरी एनर्जी स्टोरेज बेस्ड सिस्टम के मॉडलिंग, सिमुलेशन और इम्प्लीमेंटेशन में अपने शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी के निर्देशन तथा एनआईटी रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरएन पटेल के सह-निर्देशन में पूर्ण किया। चूंकि सौर ऊर्जा का उत्पादन मुख्य रूप से प्राकृतिक वातावरण पर निर्भर करता है और इनकी स्थिति सौर उत्पादित विद्युत ऊर्जा को प्रभावित कर सकती है, इसलिए सौर ऊर्जा को अनिश्चित उत्पादन स्रोत के रूप में गिना जाता है। सौर ऊर्जा में बैटरी भंडारण का प्रयोग करने से ग्रिड की स्थिरता और गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

## डेढ़ लाख का गांजा किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर पुलिस ने 15 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गोलू साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपी पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा ब्रिज के पास का निवासी है। जब्त गांजा का बाजार मूल्य लगभग 1,50,000 रुपए आंका गया है। यह कार्रवाई "ऑपरेशन निश्चय" अभियान के तहत की गई, जिसे रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और मादक पदार्थ तस्करी रोकने के उद्देश्य से चलाया है। अभियान का निर्देशन पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा किया जा रहा है।

# पहली बार स्वेटर उतारकर जांच, हैंडपंप टेक्नीशियन बनने पहुंचे 61% अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को हैंडपंप टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए 6 हजार 850 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 61 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे।

नए नियम लागू किए जाने के बाद व्यापम की परीक्षाओं में आधी बांह और हल्के रंग के कपड़े अनिवार्य कर दिए गए हैं। लेकिन ठंड को देखते हुए व्यापम ने अभ्यर्थियों को गर्म कपड़े पहनने की छूट दी है। इसमें आधी बांह और रंग का बंधन नहीं है। लेकिन गर्म कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्वेटर उतारकर जांच करवाना अनिवार्य है। राजधानी में ठंड में बीते दो-तीनों के दौरान थोड़ी कमी आई है। ऐसे में गर्म कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। जो अभ्यर्थी गर्म कपड़े पहनकर पहुंचे, उन्हें इसे उतारकर तलाशी देनी पड़ी। ऐसा पहली बार हुआ, जब व्यापम की किसी परीक्षा में प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की इस तरह से जांच की गई।

### व्यापम ने रविवार को आयोजित की हैंडपंप टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा





#### कई केंद्रों में गिनती के परीक्षार्थी

क्षेत्र संबंधित विशिष्ट आवश्यकता अनिवार्य होने के कारण हैंडपंप तकनीशियन के लिए व्यापम को अन्य भर्ती परीक्षाओं की तुलना में कम आवेदन मिले थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर व्यापम ने केंद्र भी सीमित बनाए थे। 39 प्रतिशत अनुपस्थिति का आंकड़ा पूरे प्रदेश का रहा। कई केंद्र में उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम रही। ऐसे में यहां गिनती के ही अभ्यर्थी प्रश्नपत्र हल करते नजर आए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत रिक्त 50 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा हुई। न्यूनतम योग्यता हायर सेकंडरी के साथ आईटीआई से संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा मांगी गई थी।

### शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग को लेकर उठ रहे सवाल

# वार्डों में सफाईकर्मियों की गिनती की चिंता, निगम मुख्यालय में 230 का गैंग, फिर भी नहीं होती पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम प्रशासन ने स्वास्थ्य महकमे को शहर के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने दस जोन कमिश्नरों से लेकर जेडएचओ तक को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंप रखी है, पर वहीं निगम मुख्यालय में अलग-अलग तीन सेल में 200 से अधिक सफाई कर्मचारियों की मॉनिटरिंग का सिस्टम ही नहीं बन पाया है। जबकि प्लेसमेंट पर रखे गए इन सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 30 लाख से अधिक की राशि बतौर वेतन ठेकेदारों के माध्यम से दी जाती है। इनमें महापौर स्वच्छता सेल के 80, सेंट्रल गैंग में 50 और वीआईपी गैंग में 100 सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

### महापौर स्वच्छता सेल में 80, सेंट्रल गैंग में 50, वीआईपी गैंग में 100 सफाई कर्मचारी



#### इन कर्मचारियों की नहीं होती पड़ताल

हैरानी की बात ये है कि खुद निगम मुख्यालय की तीन सेल में 230 कर्मचारी सफाई कार्य के लिए अलग से ठेके पर रखे गए हैं, इनमें महापौर स्वच्छता सेल में 80, सेंट्रल गैंग के 50 कर्मी जोन में आवश्यकतानुसार नाले, नालियों सफाई कार्य के लिए रखे गए हैं। इसके अलावा वीआईपी गैंग के लिए अलग से ठेका हुआ है, जिसमें 100 कर्मचारी शामिल हैं। इन तीन सेल के 230 सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या में प्रतिदिन सफाई कार्य के लिए आते हैं या नहीं, इसकी पड़ताल तक नहीं हो रही है। जबकि हर महीने इन कर्मचारियों के नाम पर ठेकेदारों को वेतन का भुगतान किया जा रहा है।

शहर की सफाई और कचरा उठाने पर हर साल नगर निगम 60 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी नाले-नालियों में कचरा जाम है और घरों तथा दुकानों से नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा है। निदान 1100 में सबसे ज्यादा शिकायतें कूड़ा प्रबंधन को लेकर आ रही हैं।

#### कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलना आम बात

वार्डवार सफाई व्यवस्था की धरातल पर जांच करने निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा वार्डों में जाकर सफाई कर्मचारियों की निर्धारित संख्या हिसाब से ड्यूटी पर उपस्थित सफाई कर्मचारियों की गिनती कराता है, जिसमें अक्सर निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलना आम बात है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाकर चेतावनी दी जाती है, पर यह व्यवस्था नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों के संबंध में लागू है।

## खोरपा स्कूल में स्टूडोटॉक 150 विद्यार्थी हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टूडोमैट्रिक्स छत्तीसगढ़ की ओर से अभनपुर स्थित खोरपा स्कूल में स्टूडोटॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधे साहू, भावेश नवरंगे, अंजलि तथा विद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस विशेष सत्र में विद्यार्थियों को करियर की समझ, विश्व कैसे कार्य करता है तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं जैसे जी-20, वाह-20, यूएन, सीएसए और सीओपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक मंचों की समझ दिलाना और उनके भीतर आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआईटी के प्रोफेसर डॉ. दिलेश्वर साहू ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "आज के विद्यार्थियों को कभी भी कम में संतुष्ट नहीं होना चाहिए। यहां बैठे प्रत्येक विद्यार्थी में वह क्षमता है कि वह डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक सेवा में जाकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।" स्टूडोमैट्रिक्स के प्रदेश संयोजक अन्वित दीक्षित ने कहा कि "स्टूडोमैट्रिक्स के माध्यम से खोरपा स्कूल का विद्यार्थी भी दुनिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जाकर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा और अपने गांव का नाम रोशन करेगा।" विद्यार्थियों ने सत्र को अत्यंत रोचक और उपयोगी बताया तथा भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की।

## नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए ज़रूरी है, भजन-कीर्तन और सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घासी-घसिया समाज ने किया भाठागांव में संकीर्तन भजन स्मृति शेष कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी घसिया समाज द्वारा राजधानी रायपुर के बीएसयूपी कॉलोनी, भाठागांव में संकीर्तन भजन स्मृति शेष नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और ओड़िशा प्रदेश की विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान लोग भजन-कीर्तन की मधुर तान पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा मैं आप सभी के बीच उपस्थित होकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यह कार्यक्रम समाज की सांस्कृतिक धरोहर, आध्यात्मिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण का एक सजीव प्रयास है। समाज की युवा पीढ़ी को इस




विरासत से जोड़ना सराहनीय कदम है। एक ओर समाज की युवा पीढ़ी नशे की खाई में गिर रही है उन्हें रोकने और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए भजन-कीर्तन और सत्संग ज़रूरी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष लखन सागर ने कहा, भजन-कीर्तन का यह सांस्कृतिक धागा पीढ़ियों से हमें आपस में जोड़े हुए है। यह हमारे सामूहिक चेतना का प्रतीक है और आज भागदौड़ भरे युग में यही अनुशासन हमें ज़मीन से जोड़े रखता है। कार्यक्रम को घासी-घसिया समाज के रायपुर ज़िला अध्यक्ष नेता गोपी सेंद्रे, ज़िला संरक्षक हितेश कुमार ने भी संबोधित किया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में लखन सागर, शत्रुघन, दिलीप भारती, कैलाश हरपाल, पृथ्वीराज महानंद, कर्यन सोनी, नारायण बंछोर, सूर्या दास, गणेश दीप, टिकेंद्र सोनी, जितेंद्र सेंद्रे, रतन सोनी, भाऊराम बघेल, सूबेर सेंद्रे, ज्योतिष भारती, भूपेन्द्र सेंद्रे, रुद्राक्ष भारती, गौरव सेंद्रे, अनंता सोनी, विक्रम भारती, तरवीण सेंद्रे, नरोत्तम बंछोर, विवेकानंद भारती, धनेश्वर कुमार, लालसन बंछोर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सड़क छाप तंत्र, एक साल में एक्सीडेंट बढ़े और मरने वालों की संख्या भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीते साल के मुकाबले ज्यादा हुई दर्ज संख्या, 11 हजार 545 तक पंहुची

सारे प्रयासों के बाद भी एक्सीडेंट और मौतों की संख्या बढ़ना अपने आप में विफलता की कहानी बयां कर रही है। राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्ष 2024 जनवरी से सितंबर और वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के विश्लेषण से ये बात सामने आई है कि एक्सीडेंट की संख्या पिछले साल के मुकाबले बढ़ी, साथ मौतों की संख्या पिछले साल से अधिक है। अगर प्रदेश के सभी 33 जिलों की बात की जाए तो राज्य में इस साल सितंबर तक रोड़ एक्सीडेंट में 2.06 प्रतिशत अधिक लोगों की जानें गई हैं। यानि 2024 में जहां 5 हजार 97 लोग मारे गए थे, वहीं 2025 में मरने वालों की संख्या 5 हजार 202 हो गई है। पिछले साल कुल मिलाकर 11 हजार 5 मामले दर्ज हुए, इस साल यह संख्या 11 हजार 545 तक पंहुची है।

*राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के बड़े से लेकर छोटे शहरों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। जिन जिलों में एक्सीडेंट कम हुए हैं वहां भी मृतकों की संख्या बढ़ गई है। बीते साल के मुकाबले इस साल सितंबर तक की स्थिति में देखें तो एक्सीडेंट की संख्या बढ़ने के साथ जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ी है।*

छत्तीसगढ़ में इस साल एक्सीडेंट में मर गए 5 हजार 202 लोग



#### रायपुर हादसों की राजधानी

छत्तीसगढ़ में वाहनों की सबसे अधिक आवाजाही राजधानी रायपुर के पुराने शहर से लेकर नवा रायपुर तक होती है। स्थानीय लोगों के अलावा पड़ोसी राज्यों के लोग बड़ी संख्या में यहां वाहनों से आते हैं, निजी उपयोग के वाहनों के अलावा भी बड़ी संख्या में व्यावसायिक वाहन यहां आते-जाते रहते है। यही कारण हो सकता है कि रायपुर जिलों में सबसे अधिक डेढ़ हजार एक्सीडेंट हुए हैं, मरने वालों की संख्या 472 पंहुची है। पिछले साल इसी समय कर यह संख्या 426 थी। यानी मरने वाले करीब 11 प्रतिशत बढ़ गए।

#### इन जिलों का ये हाल

- रायपुर से लगे बलौदाबाजार जिले में पिछले साल 449 एक्सीडेंट में 205 लोगों की जानें गईं थी, वहीं इस साल एक्सीडेंट की संख्या 508 हो गई और जान गंवाने वाले 224
- महासमुंद में पिछले साल 343 एक्सीडेंट में 201 मरे और इस साल 392 एक्सीडेंट में 252 की जान गई है
- दुर्ग में पिछले साल 944 एक्सीडेंट में 264 लोगों की मृत्यु हुई। इस साल 997 हादसों ने 271 की जान ली।
- बिलासपुर में पिछले साल 1020 एक्सीडेंट में 268 लोग मरे, इस साल 1136 एक्सीडेंट में 230 की जान गई, यहां मरने वालों की संख्या में कमी आई है।
- कोरबा में पिछले साल 627 हादसों में 312 मरे, इस साल 675 हादसों में 297 की मृत्यु हो गई।

## वाहन चालकों पर कसा पुलिस का शिकंजा, पिछले साल चालान से वसूले 20 करोड़, इस साल साढ़े 30 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस गाड़ी चालकों पर बढ़ा रही दंडात्मक कार्रवाई

छत्तीसगढ़ में वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता ही जा रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल जनवरी से सितंबर के बीच वाहन चालकों से 19 करोड़ 96 लाख रुपए वसूले गए, लेकिन इस साल इसी अवधि में चालानी रकम बढ़कर 30 करोड़ 55 लाख रुपए हो गई है।

राज्य पुलिस मुख्यालय ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाईयों का जो आंकड़ा जारी किया है, उससे यह तथ्य सामने आया है। मोटे तौर पर देखने से साफ होता है कि पुलिस वाहन चालकों, खासकर दुपहिया और मध्यम आकार के गैर व्यावसायिक वाहन चलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाईयां तेज कर रही है। एक तरफ पुलिस सड़क पर लोगों की सुरक्षा के नाम पर ये कार्रवाईयां कर रहीं है, दूसरी ओर राज्य में हर साल रोड एक्सीडेंट की संख्या और उनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।



#### कुछ जिलों में कमी भी

राज्य के कुछ जिलों में चालानी कार्रवाई पिछले साल के मुकाबले कम हुई है। जिन जिलों में यह कमी आई है, उनमें सारंगढ़-बिलाईगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कांकेर, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम शामिल हैं। कुल मिलाकर पुलिस ने पिछले साल सभी तरह के वाहनों के चालान के 4 लाख 51 हजार 49 प्रकरण बनाए थे, जबकि इस साल 6 लाख 86 हजार 983 प्रकरण बने हैं। चालानी कार्रवाई में यह वृद्धि 52.31 प्रतिशत है।

#### धमतरी, रायगढ़, जशपुर नारायणपुर में कसा शिकंजा

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में जनवरी से लेकर सितंबर तक के आंकड़ों से ये साफ होता है कि पुलिस और उससे जुड़े यातायात पुलिस के अमले सड़कों पर यातायात को आसान बनाने लोगों को सुविधा देने की जगह केवल और केवल चालानी कार्रवाईयों पर जो दे रहे हैं। राज्य के 33 जिलों में 2024 की तुलना में कितनी अधिक कार्रवाईयां तेज हुई हैं, उसका प्रमाण पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों से होता है। 2024 के मुकाबले 2025 में किस जिले में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धमतरी में 175.60 प्रतिशत, रायगढ़ में 138.85 प्रतिशत, जशपुर जिले में 131.85 प्रतिशत, नारायणपुर में 117.36 प्रतिशत और दुर्ग जिले में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## ग्रामीण युवाओं में सतत आजीविका की नींव स्थापित कर रहा आरसेटी



रायपुर। ग्रामीण युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका से जोड़ने वाली देश की महत्त्वपूर्ण योजना आरसेटी यानी रूरल सेल्फ एम्प्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के प्रभावी संचालन और राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नवा रायपुर स्थित एक रिसॉर्ट में किया गया, जहां भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन और देशभर के सभी राज्यों के स्टेट डायरेक्टर, स्टेट कंट्रोलर, एसआरएलएम के नोडल अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षताः संयुक्त सचिव ग्रामीण कौशल, एमओआरडी पंकज यादव ने की। कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह आईएएस ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में ग्रामीण युवाओं को सरकारी निशुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में आरसेटी के योगदान की सराहना की। उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से हजारों युवाओं के जीवन में आए परिवर्तन की प्रशंसा की। ग्रामीण कौशल (एमओआरडी) के निदेशक राजप्रिय सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने आरसेटी योजना के संचालन में देशभर में उत्कृष्ट उदाहरण (बेस्ट प्रेक्टिस) स्थापित किया है।

## स्कूल जा रही महिला टीचर का बैग लूटकर बदमाश फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में महिलाओं के साथ स्नैचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। पुरानी बस्ती थाने में एक महिला टीचर ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाने के लिए स्कूल जा रही थी। इस दौरान अज्ञात बदमाश चलती दोपहिया से बैग लूटकर फरार हो गया। बैग में महिला का आईफोन, लैपटॉप तथा स्कूल की किताबें रखी हुई थीं। डूमरतराई निवासी प्रियंका भौमिक ने लूट की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह निजी स्कूल में टीचर है। वह शुक्रवार को सुबह पढ़ाने के लिए स्कूल जा रही थी। भाठागांव के पास बाइक सवार दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और हैंडल में लटके बैग को झपट्टा मारकर लूट लिए।

महिला शिक्षक ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की और शोर मचाई। बदमाश महिला को चकमा देकर बाइक चलाते हुए महादेवघाट रोड की तरफ भाग गए। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

## गांड़ा समाज की युवती के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता व सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने गांड़ा समाज की युवती के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग गृहमंत्री विजय शर्मा से की है। साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की भी मांग की है। श्री नायक ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम नगर निवासी गांड़ा समाज की एक नाबालिग की लाश पुलिस कॉलोनी के निकट अमलीडीह में मिलने की जानकारी पर अत्यंत दुख व्यक्त जताते हुए, घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राजधानी रायपुर में खुलेआम अनुसूचित जाति वर्ग की एक बेटी की निर्मम हत्या करके पुलिस कॉलोनी के पास फेंक दिया जाना, इससे अधिक दुखद और शर्मनाक कोई घटना नहीं हो सकती।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक का बेटा बना सहायक संचालक

**खल्लारी।** परिश्रम, संघर्ष, दृढ़ संकल्प की मिशाल पेश करते हुए खल्लारी क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम सोरम सिंघी के पेशे से शिक्षक डीएल बरिहा के पुत्र तुकेश कुमार बरिहा ने सीजीपीएससी में सफलता प्राप्त कर गांव, क्षेत्र, समाज का नाम रोशन किया है। बात दें कि तुकेश 11 वर्ष की आयु में ही माता पिता और अपने लगन के बल पर प्रथम प्रयास में ही यह मुकाम हासिल किया। जब उन्हें सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग का पद का मिलने की जानकारी गांव को हुई तो गांव व पूरे खल्लारी क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया। तुकेश बरिहा ने बताया कि उन्होंने कुल 627.5 अंक अर्जित कर पद तक पहुंचा और इसमें माता, पिता सहित पूरा परिवार का खूब सारा आशीर्वाद मिला।

### छात्रों ने किया विद्युत सब स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययनरत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर के सभी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन और व्यावसायिक शिक्षक पुष्कर वर्मा और लीलाधर वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से ग्राम कुलिया कोमाखान के विद्युत सब स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों को विद्युत उत्पादन, वितरण प्रणाली, ट्रांसफार्मर की कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानक तथा सब स्टेशन के संचालन सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर व्याख्याता परस राम सिन्हा, नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान आदि मौजूद रहे।
, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमाडबरी के पास हथियार लहराकर लोगों को डराने व आतंकित करने वाले युवक पर कार्रवाई की।
कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी युगल किशोर पिता संतकुमार निर्मलकर (27 साल) निवासी ग्राम बनसिवनी हाथ में एक बड़ा चाकू लेकर लहराते हुए आमजनों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा गया और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**आयोजन :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन दिवस मना, सम्मानित की गईं

# बीमारियों की रोकथाम से लेकर हर कार्य में मितानिनों का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन दिवस मनाया गया, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू सहित पार्षद शामिल हुए, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष ने मितानिनों का सम्मान किया । उन्होंने कहा टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम तक मितानिनों का व्यापक योगदान रहता है। मितानिन, जिन्हें छत्तीसगढ़ में आशा कार्यकर्ता के नाम से भी जाना जाता है, ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। वे हर घर तक स्वास्थ्य योजनाओं को पहुंचाने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं।

प्रत्येक गांव में जनसंख्या के अनुसार मितानिनों की नियुक्ति की जाती है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करती हैं। नगर अध्यक्ष साहू ने कहा कि मितानिन दीदी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने, उनका लाभ पहुंचाने और बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करती हैं।



**स्वास्थ्य जागरूकता में मितानिनों की अहम भूमिका:** स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी बीएमओ ने बताया कि ग्रामीण महिलाएं अक्सर अपने और अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कम जानकारी रखती हैं और सामाजिक ताने-बाने के कारण पुरुषों से खुलकर बात नहीं कर पातीं। ऐसे में मितानिनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे महिलाएं होने के कारण गांव की महिलाएं बेझिझक अपनी बात रख पाती हैं।

**टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम तक मितानिनों का व्यापक योगदान:** मितानिनें समय-समय पर टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करती हैं, महिलाओं को प्रसव से पहले की देखभाल सिखाती हैं, और जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देती हैं। इसके अलावा, वे घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया, निमोनिया, टीबी, हैजा जैसी बीमारियों के प्रति भी जागरूक करती रहती हैं। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए महिलाएं कभी भी अपनी मितानिन से संपर्क कर सकती हैं। कोरोना काल में घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य की जानकारी, लोगों को कोविड के टीकाकरण के लिए भी जागरूक किया गया ऐसे विषम परिस्थितियों में भी मितानिनों ने धैर्य बनाकर कार्य किया और लोगों को जागरूक किया वास्तव में ये योद्धा है। आज मितानिनों के परिश्रम से स्वास्थ्य की प्राथमिक सुविधाओं का लाभ गांव और शहर के लोगों को प्राप्त हो रहा है। मितानिनों का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी रवि अज़गले, पार्षद प्रतिनिधि विमल वैष्णव, नगर साहू संघ अध्यक्ष गुनीराम साहू, पार्षद संजय साहू उपस्थिति थे।



## अर्जुनी में पंचायत प्रतिनिधियों ने किया मितानिनों का सम्मान

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में मितानिनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरोज सिंह सेंगर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मितानिनों का स्वास्थ्य के मुद्दों पर अहम रोल है, समाजसेवा, स्वास्थ्य के प्रति तत्पर रहती है। घर पहुंचकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देती है और सेवा प्रदान करती है।

चित्ररेखा साहू ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि मितानिन कार्यक्रम के तहत भारतदेश पोलियोमुक्त घोषित हुआ है। इनकी प्रत्येक कार्य के सेवा में उपस्थित रहती है। इसका वेतन नहीं मिलता है। कार्य में प्रोत्साहन राशि दी जाती है। कोरोना के समय भी निरंतर अपनी सेवा प्रदान की गई।

विष्णु साहू उपसरपंच ने कहा कि मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य एवं हर कार्य में सेवा दी जा रही है। इस अवसर में प्रदेश अध्यक्ष सरोजसिंह सेंगर, ब्लाक अध्यक्ष जिला कार्यक्रम चित्ररेखा साहू, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, कन्हैया कटारे, ओमप्रकाश साहू, सचिन सोनी, मूंगेशिया साहू, प्रमिला वर्मा, बिन्दा भसगौरी, प्रिती साहू,परनिया साहू, भोला यदु, विजय वर्मा, जीवन साहू, पार्वती ध्रुव, शान्ती मानिकपूरी, सुषमा साहू, मीना साहू, अंजू साहू, सरोज साहू, रेखा रजक, गोदावरी सेन, इंद्राणी सेन, दुर्गा वर्मा, मोतिम वर्मा, दीप निषाद, सुमित्रा साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि और मितानिनें उपस्थित थीं ।




## मितानिनें हैं प्रत्येक गांव की शक्ति

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी में मितानिनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पितांबर साहू सहित पार्षदगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवाओं की दिशा में सक्रिय मितानिनों के निरंतर योगदान को सम्मानित करना था।

नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू ने कहा कि मितानिन हमारे गांव की वह शक्ति हैं, जिन्होंने हर परिस्थिति में बिना थके, बिना रुके, परिवारों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दिन-रात कार्य किया है। हर विपरीत स्थिति हो या नियमित टीकाकरण अभियान, मितानिनों ने हर जिम्मेदारी को पूरी तत्परता से निभाया है। नगर की महिलाओं, बच्चों और गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना, उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने में सहयोग करना, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना ये सभी कार्य मितानिनों के कारण ही संभव हो पाता है। स्वास्थ्य विभाग और पंचायत के बीच एक मजबूत सेतु का काम मितानिन करती हैं। हमारे गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था के मजबूत होने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सभी का दायित्व है कि इनके प्रयासों को उचित सम्मान दें और इनके कार्यों में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान एम टी मीना चौहान मितानिन सीमा साहू, सरोज साहू, शकुन साहू, प्रमिला साहू, दुलारी साहू, सुचिता कौशिक, फूलबाई साहू, रजनी गोस्वामी, सुशीला साहू, कौशिल्या साहू को गिफ्ट भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित नागरिकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मितानिनों की सेवाओं की सराहना की।

■ नपं रोहांसी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए मितानिनों का किया सम्मान

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान जारी है। इस प्रक्रिया के तहत मतदाताओं की जानकारी वर्ष 2003 की सूची से मिलान कर सत्यापन किया जा रहा है।

ग्राम मुड़पार के भाग 15 के बीएलओ मोहनलाल वर्मा एवं भाग 16 के बीएलओ पोषणलाल वर्मा द्वारा घर-घर जाकर 100 प्रतिशत फार्म वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में फार्म संग्रहण का कार्य जारी है। स्थानीय ग्राम पंचायत भवन में चोवा राम वर्मा और चितरेखा यादव जैसे शिक्षित युवाओं द्वारा ग्रामीणों को फॉर्म भरने में सहयोग किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक मतदाता समय पर अपनी जानकारी सत्यापित कर सकें।



बीएलओ के अनुसार ग्रामीण इस समय खेती-किसानी के कार्यों में व्यस्त होने के कारण फार्म संग्रहण में कठिनाइयां आ रही हैं। गांव में मुनादी कर जानकारी दिए जाने के बावजूद अपेक्षित संख्या में फॉर्म वापस नहीं मिल पाए हैं।

निर्वाचन आयोग ने फॉर्म वितरण, संग्रहण और ऑनलाइन डेटा एंट्री हेतु निश्चित समय सीमा निर्धारित की है, लेकिन अभी तक केवल 60 प्रतिशत फॉर्म ही संग्रहित एवं ऑनलाइन प्रविष्ट हो पाए हैं। बीएलओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के महत्वपूर्ण कार्य को देखते हुए ग्राम के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षित युवाओं से सहयोग की अपील की है, ताकि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जा सके और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

# चलती ट्रेन से नहीं फेंक सकेंगे कचरा सफाईकर्मियों को मिलेंगे उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चलती ट्रेन से अब कर्मचारी कचरा नहीं फेंक सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने सफाई व्यवस्था को सख्त और बेहतर बनाने की दिशा में नई गाइडलाइन जारी की है। अब ट्रेन की बोगियों में साफ-सफाई के दौरान निकला कचरा सीलबंद थैलों में भरकर निस्तारण के लिए चिन्हित जंक्शन तक लाया जाएगा। बोर्ड के निर्देश हैं कि सफाईकर्मियों की गतिविधियों की निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी कचरा इधर-उधर न फेंके। हाल ही में एक कर्मचारी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह चलती ट्रेन से कचरा फेंकते नजर आया। इस पर रेलवे ने तत्काल कार्रवाई कर उसे हटा दिया था। अब ओबीएचएस (ऑन-बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस) और पेंट्रीकार कर्मचारियों से वरिष्ठ अधिकारी संवाद कर रहे हैं, ताकि सफाई प्रणाली को और मजबूत किया जा सके। मंडल स्तर पर इस नई व्यवस्था की शुरुआत हो चुकी है। यात्रियों को स्वच्छ और आरामदायक यात्रा देने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।



### हर ट्रेन में कचरे के थैलों की संख्या तय होगी

वर्तमान में रायपुर से लगभग 200 ट्रेनों का प्रतिदिन परिचालन हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, हर दिन 1800 किलो जैविक व अजैविक कचरा ट्रेनों से निकल रहा है। दुर्ग व बिलासपुर में ट्रेनों की बोगियां साफ-सुथरी की जाती हैं। वंदे भारत, राजधानी को छोड़कर कर्मचारी अन्य ट्रेनों की बोगियों की सफाई में निकलने वाले कचरे को अभी तक खिड़की या दरवाजे से बाहर भी फेंक देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कचरे का व्यवस्थित संग्रहण, प्रबंधन और निपटारा भी होगा। बोर्ड के निर्देशानुसार इसके लिए कर्मचारियों को वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित करने के साथ ही उन्हें सफाई के उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। हर ट्रेन में उत्पन्न कचरे के थैलों की संख्या तय होगी, उतनी संख्या में भरे कचरे के थैले ट्रेन में चल रहे कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के लिए चिन्हित स्टेशनों पर दिए जाएंगे।

### कचरा प्रबंधन पर चलाया विशेष अभियान

मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिसर एवं चलती ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता-जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली गाड़ियों में तैनात ओबीएचएस स्टाफ एवं पेंट्रीकार कर्मचारियों को वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजरों, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा गार्बेज डिस्पोजल मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## चिटफंड कंपनी डकार गई 32 लाख, अब पैसे वापस पाने भटक रही वृद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र की रहने वाली बुजुर्ग निर्मला देवी क्षत्रिय विगत 6 साल से अपने ही पैसे के लिए यहां-वहां भटकने के लिए मजबूर हैं। घर चलाने में भी आर्थिक दिक्कतें आने लगी हैं। उन्होंने बताया कि पिरदा में एक एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि को पति स्व. बसंत कुमार ने 34 लाख रुपए में 2017 में बेच दिया था। इसके बाद चिटफंड कंपनी से जुड़े 6 लोगों ने उनको दो साल में पैसे दोगुने करने का झांसा देकर 32 लाख रुपए निवेश कराए और पॉलिसी प्लान की सारी जानकारी दी। पति की मौत होने के बाद जब नॉमिनी होने की वजह से पैसे के लिए दबाव बनाया तो वे भाग गए। पीड़िता वृद्धा ने बताया कि इसके लिए वैधानिक प्रक्रिया के बीच एक चिटफंड कर्मी ने तीन लाख रुपए देने का भरोसा दिया, लेकिन अब चकमा दे रहे हैं। पति की मौत के बाद तीन बच्चों सहित बहू की जिम्मेदारी है। एक बेटे को मिर्गी की शिकायत है, उसकी देखभाल पैसे के बिना संभव नहीं है। तीसरे बेटे और बहू के तीन बच्चे हैं। कृषि भूमि बेचने से अब लहलहाते धान की उम्मीद भी नहीं रही। उन्होंने बताया कि पैसे मिलने की उम्मीद से यहां-वहां भटकते हुए मोबाइल भी चोरी हो गया। उम्र 65 पार होने के बाद भी निर्मला देवी ने हरिभूमि कार्यालय में अपनी पीड़ा बताते हुए चिटफंड कंपनी से पैसे वापस लेने के लिए राज्य विधिक सेवा के वकीलों की मदद लेने की बात कही। साथ ही कहा कि कंपनी से जुड़े अधिकारियों से कृषि भूमि के पैसे वापस लेने वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगी।



## नशीली टेबलेट बरामद धरा गया युवक

**रायपुर।** पुलिस ने 440 नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अविनाश सिंह जागृति नगर उरकुरा थाना खमतराई क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से धारदार चाकू भी बरामद किया है। यह कार्रवाई "ऑपरेशन निश्चय" अभियान के तहत की गई, जो मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री रोकने के लिए रायपुर रेंज पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान का निर्देशन पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने किया है। थाना खमतराई को सूचना मिली कि उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति अपने मो. सा. में भारी मात्रा में नशीली टेबलेट लेकर ग्राहकों की तलाश कर रहा है।

## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर ने पीएससी ...

एकेडमी से भी एमओयू हुआ है, जिसमें 40 चयनित युवाओं को निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा मिलेगी। बताया गया कि इस बार पीएससी में जिले के 6 युवाओं का चयन हुआ है। इसमें से 4 युवाओं ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात की, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक पद पर चयनित टिकुलिया भाटापारा के हितेंद्र सिंह बाघे, आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित कटगी के देवाशीष शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी पद पर चयनित हरिनभट्ठा पलारी के ओजस्वी कुमार पटेल एवं नायब तहसीलदार के पद पर चयनित नेवधा के करन सोनी शामिल हैं।

### अज्ञात वाहन की...

तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया। एम्बुलेंस से घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, कि रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गिधौरी पुलिस ने अज्ञात वाहन की पतासाजी शुरू कर दी है।

### रजिस्ट्री और जमीन...

हलकान हैं। इतनी जल्दबाजी में एसआईआर कराने की क्या जरूरत थी, यह समझ से बाहर है। उन्होंने मतदाताओं को आगाह किया कि हर मतदाता को फॉर्म भरना जरूरी है, वरना आपका नाम काट दिया जाएगा।

### एसआईआर पर ...

टोली के सदस्य, मतदान केंद्र अध्यक्ष एवं बीएलए-2 कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सभी मंडल के शक्ति केन्द्र प्रभारियों को अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर एसआईआर फॉर्म शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। निर्धारित अनुसार 28 तारीख को सभी बूथों से एसआईआर फॉर्म एकत्र कर जमा करने का लक्ष्य तय किया गया।

**छात्रावास में बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

# स्काउट गाइड शिविर में 73 छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शासकीय प्री मैटिक अनुसूचित जाति बालक-बालिका छात्रावास गिरौदपुरी में 18 से 24 नवम्बर तक बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समापन में जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला संघ बलौदाबाजार के सदस्य के आर कैवर्त्य, आर एस चैहान, स्थानीय संघ कसडोल उपाध्यक्ष गणेश शंकर साहू, एम डी मानिकपुरी, प्राचार्य पी आर पुरेना, पार्षद प्रतिनिधि विमल वैष्णव, पूर्व पार्षद कसडोल गुनीराम साहू, अभिजीत श्रीवास की उपस्थित रही। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला संघ बलौदाबाजार-भाटापारा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल एवं राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट के आर कश्यप एवं जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, स्थानीय संघ कसडोल के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू भी प्रतिभागियों के बीच पहुंचे थे। उक्त शिविर में 30 स्काउटर, 20 गाइडर 12 स्टॉफ सहित 73 लोगों की सहभागिता रही। कैम्प फायर में प्रतिभागियों द्वारा कर्मा, ददरिया, पंथी, भांगड़ा, राउत नाचा का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में शिविर संचालक शंकरलाल साहू, पूर्णिमा भट्टाचार्य, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, सहायक शिविर संचालक डॉ. जगदीश कुमार साहू, संजीव कुमार पटेल, राजेन्द्र दास मानिकपुरी, जे. आर. बारले, सुनील कुमार ब्राह्मणकर, बसंत कोसले, संतोष देवांगन, रूखमण सिंह सरदार, धात्री नायक, सरस्वती देवांगन का विशिष्ट योगदान रहा।





सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक संदीप साहू

## तौलाई मशीन, स्टॉक रजिस्टर एवं खरीदी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरतोरा के धान खरीदी केंद्र में विधायक संदीप साहू बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की गतिविधि तेज हो गई, वहीं किसानों ने विधायक के आगमन का स्वागत किया।

विधायक साहू ने केंद्र में धान तौलाई व्यवस्था, बोरा उपलब्धता, भुगतान प्रक्रिया, परिवहन प्रबंधन एवं किसानों के लिए कतार प्रणाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने तौलाई मशीन, स्टॉक रजिस्टर एवं खरीदी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया।



### अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएग

उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि केंद्र में आने वाले किसानों के लिए पीने का पानी, विश्राम की व्यवस्था और सुचारु कतार प्रणाली सुनिश्चित की जाए।

किसानों के बताए गए सुझावों और समस्याओं पर विधायक साहू ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर किसान को पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध तरीके से खरीदी का लाभ मिले।

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस सह प्रभारी विजय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। किसानों ने विधायक के इस औचक निरीक्षण को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे व्यवस्था में और भी सुधार होगा।

## खबर संक्षेप

### स्थाई वारंट तामिली के लिए जिले में चलाया जा रहा अभियान

**महासमुंद।** पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद में स्थाई वारंट तामील हेतु अभियान चलाया जा रहा है। लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलग्न स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों को जेल में निरुद्ध कराया गया है। महासमुंद पुलिस द्वारा 24 नवंबर को 18 स्थाई वारंट एवं 15 गिरफ्तारी वारंट तामील कराया गया है।

### बिन्द्रावन में मितानिनों का किया गया सम्मान



**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन बिंद्रावन में 23 नवंबर को सरपंच गायत्री बाई ठाकुर की अध्यक्षता में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मितानिनों का सम्मान श्रीफल से किया गया। इस दौरान मितानिन प्ररिक्षक अश्वनी देवांगन, मितानिन मंजू पटेल, ईश्वरी मुन्नी पांडे उपस्थित रहे।

### नक्टापार में कुराल पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** ग्राम नक्टापार में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। भगवान विष्णु की मूर्ति विराजित कर पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन होगा। इसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम होगा।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक नामांकन आमंत्रित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 के राज्य वीरता पुरस्कार के लिए साहसी बालक-बालिकाओं से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा की हो या उसकी शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ कार्य किया हो।

## निधन

### पं. श्रीकांत मिश्रा



**हथबंद।** स्थानीय निवासी सेवानिवृत शिक्षक पं. श्रीकांत मिश्रा 88 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रवि मिश्रा, शशिकांत मिश्रा के भाई, प्रभात मिश्रा, सुभाष मिश्रा, मुकेश मिश्रा के पिता तथा आशीष, अंकित, आदित्य के दादा थे।

## आयोजन : प्रतियोगिता में अंचल की 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# क्रिकेट प्रतियोगिता में मोपकी की टीम जीती, मोपका को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान



जय बूढ़ा देव क्रिकेट समिति एवं ग्राम पंचायत ढाबाडीह के संयुक्त तत्वावधान में भव्य ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन किया। यह आयोजन 15 नवंबर से शुभारंभ होकर 23 नवंबर को समापन हुआ। फाइनल मैच मौपकी एवं मोपका टीम के बीच हुआ, जिसमें मोपकी के टीम विजयी घोषित हुई। द्वितीय स्थान पर मोपका, तृतीय भोथीडीह एवं चतुर्थ स्थान पर केशडबरी रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण में प्रदेश अध्यक्ष केके वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत ध्रुव सरपंच ढाबाडीह ने की। मुख्य अतिथि केके वर्मा ने ग्रामवासी एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाये हैं, खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ खेल भावना एवं अनुशासन में रहते हुए अपने खेल का प्रदर्शन करते रहना चाहिए। मुख्य अतिथि वर्मा ने युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम को सरपंच हेमंत ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में इससे बेहतर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

समापन समारोह में प्रथम 21000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय 11000 एवं ट्रॉफी, तृतीय 5000 एवं ट्रॉफी, चतुर्थ 3000 एवं ट्रॉफी के साथ मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट कीपर, बेस्ट फिल्डर, के अलावा बेस्ट ऑलराउंडर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भुनेश्वर ध्रुव, डीवेंडर वर्मा, दीपक ध्रुव, योगी वर्मा, गोपाल दास, अमित निर्मलकर, महादेव ध्रुव, जितेंद्र फेकर के अलावा भारी संख्या मे ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश वर्मा ने किया, जबकि आभार व्यक्त क्षेत्रीय जनपद सदस्य चंद्रशेखर ध्रुव ने किया।

# कॉलेज में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने पुणेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के राम प्रसाद महाविद्यालय जन भागीदारी समिति का गठन विधायक अनुज शर्मा के अनुशंसा से किया गया। इसमें कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष का दायित्व नगर में लगातार दो बार सेवा दे रहे भाजपा पार्षद पुणेन्द्र पाध्याय को सौंपा गया। इसके अलावा जन भागीदारी समिति के सदस्यों में चन्द्र कुमार डडसेना, राम चरण देवागन, पुनाराम वर्मा, श्याम सुन्दर बांधे, भूपेन्द्र सलूजा, जानी डहरिया, सूरज सोनी, रामेश्वर ध्रुव, गायत्री यादव, बलद देवांगन, संदीप छाबड़ा, पार्षद प्रकाश वर्मा को स्थान मिला है। नव नियुक्त अध्यक्ष पुणेन्द्र पाध्याय ने राम प्रसाद महाविद्यालय जन भागीदारी के अध्यक्ष बनाये जाने पर विधायक अनुज शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति अभार जताया और कहा जन भागीदारी में शामिल सभी सदस्य मिलकर कॉलेज के मूलभुत सुविधा मुहैया कराने हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस दौरान कालेज परिसर में हरियाली लाने पौधारोपण कार्य जन सहयोग से करने की बात कही। पुणेन्द्र के अध्यक्ष बनाये जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, पूर्व नगर पंचायत सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी, पार्षदगण सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य प्राध्यापक छात्र-छात्राओं ने बधाई दी।

# भैंसा पंचायत में रासेयो शिविर कल से



**हथबंद।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 26 नवंबर से सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भैंसा में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी एवं स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भैंसा के सरपंच हरीश वैष्णव द्वारा शिविरार्थियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि शिविर के दौरान योग, ध्यान प्राणायाम, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्त समाज, शत प्रतिशत मतदान के साथ बौद्धिक परिचर्चा एवं प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# पीएससी में चयनित राकेश का स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मान

**खरोरा।** नगर के अमन पब्लिक इंग्लिश स्कूल में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार रैंक हासिल करने वाले राकेश देवांगन का स्कूल परिसर में सम्मान समारोह रखा गया, जहां राकेश देवांगन का स्कूल प्रबंधक डॉ. अमीन खान व संस्था के संस्थापक हाजी गुलाब खान द्वारा शाल व बुक तथा श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। राकेश देवांगन ने छात्रों को संबोधित किया और छात्रों के बीच अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर प्राचार्य अंजलि देवांगन, माया राजपूत, आकांक्षा देवांगन, प्रगति देवांगन, शालिनी जायसवाल, यशोदा यादव, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, दुर्गा वर्मा, मोनिका साहू, जिज्ञासा वर्मा, चंचल साहू, अंबालिका साहू, प्रमोदिनी, पुष्पा, डोमार अग्रवाल, किशन वैष्णव, उमेश मानिकपुरी और समिति के समस्त सदस्य व खरोरा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शामिल हुए।



# कॉलेज में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



स्व. रामनाथ वर्मा महाविद्यालय मोपका-निपनिया में प्राचार्य, डॉ. अभिलाषा सैनी के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को जनजातीय समुदाय के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान से अवगत कराया गया। मुख्य वक्ता मोरध्वज पैकरा, कार्य परिषद सदस्य केन्द्रीय जनजाति वि.वि. भारत सरकार रहा। उन्होंने बताया कि जनजातीय समाज का इतिहास केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा ही नहीं उनकी परंपरा, जीवन शैली और आध्यात्मिक मान्यताएं आधुनिक समाज के लिए प्रेरक उदाहरण भी है। उन्होंने ऐसे जनजातीय नायकों का उल्लेख किया, जिनका योगदान इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन वे उपेक्षित और हाशिये पर है। भारत विविधताओं का देश है, जहां विभिन्न धर्म भाषाएं एवं संस्कृतियां एक साथ मिलकर इसकी सुन्दरता बढ़ाती है। इन्हीं विविधताओं में एक महत्वपूर्ण स्थान जनजातीय समाज का है। जनजातीय समुदायों में भारतीय संस्कृति परम्परा और स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया है। उनके इस योगदान को सम्मान देने के लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। इस दिन न केवल उनके गौरवशाली इतिहास को याद करने का अवसर है, बल्कि उनके अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा का भी प्रतीक है।

कार्यक्रम के संयोजक एनके ध्रुव, सह-संयोजक आरआर धुर्वे, वरिष्ठ प्राध्यापक आरएल देवांगन, नेहा केरकेट्टा, प्रियंका पाटले, युवराज सिंह दीक्षित, डॉ. अमित कुमार, दुर्योधन निषाद, रोशनी अग्रवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में16 दिसंबर के दिन विजय दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर के दिन भारत देश में विजय दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से ांग्लादेश को अपना खुद का वजूद मिला था। कोई दिनों तक चले रहे थे। इस युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों और बांग्लादेशी मुक्ति वाहिनी ने अपनी जी जान लगा दी थी। इसी वजह से इसकी जीत भारत के पक्ष में रही। ऐसे में 16 दिसंबर के दिन अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। अमर वीर शहीदों ने इस युद्ध में अपनी जान कुर्बान कर दी।

# भागवत कथा के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम पंचायत सेल में भागवत महापुराण कथा के पहले सोमवार को कलशयात्रा निकाली गई, जो बंधवा तालाब में जलभरकर कथा स्थल तक पहुंचायी। कथा का आयोजन 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक रखा गया हैं। कथा व्यास पं. कीर्ति कुमार पांडेय, परायणकर्ता पंडित दुर्गेश कुमार पांडेय, पं. अनीश दुबे हैं। कथा सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक मुख्य यजमान शोभित कुमार जायसवाल, कौशील्या जायसवाल।

इस अवसर पर रामप्यारी जायसवाल, पुनमती जायसवाल, रामकुमारी जायसवाल, नीरा (देवकी) जायसवाल, श्यामधारी जायसवाल, ननकी जायसवाल, चंद्रकिशोर जायसवाल, संतोष कुमार जायसवाल, बिहारीलाल जायसवाल, विजय कुमार जायसवाल, मोहन जायसवाल, भुवनेश्वर जायसवाल, रामप्रसाद जायसवाल, भगत जायसवाल, नरेंद्र कुमार जायसवाल एवं समस्त जायसवाल परिवार शामिल हुए।

## प्रगतिशील सतनामी समाज ने दोनों परिक्षेत्र के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से किया चयन

# वेदभूषण बिलाईगढ़ और संतोष भटगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



प्रगतिशील छग सतनामी समाज बिलाईगढ़ और भटगांव परिक्षेत्र का मनोनयन सर्वसम्मति से प्रदेश प्रतिनिधि यादराम हिरवानी के मार्गदर्शन में किया गया।

अध्यक्ष को छोड़कर सभी पद आपसी सहमति से मनोनित कर लिये गये, किन्तु परिक्षेत्र अध्यक्ष के लिये तीन नाम पुकराम कुर्रे भोथीडीह, हरिश्चंद्र भारद्वाज देवरबोड एवं वेदभूषण स्नेही कैथा का होने एवं किसी के द्वारा नाम वापस नहीं लेने के कारण तीनों की सहमति ले कर समन्वय समिति को निर्णय के लिये भेजा गया। समन्वय निर्णायक मंडल ने अध्यक्ष का पद वेदभूषण स्नेही का मनोनयन किया। छिटपुट शोरगुल के साथ सहमति बना ली गयी, क्योंकि तीनों अध्यक्ष प्रत्याशी समन्वय समिति को चयन की जिम्मेदारी दे दिये थे। ग्राम गोविंद वन के सामाजिक मंगल भवन में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। मौके पर निर्वाचन अधिकारी द्वय ने विधिवत मनोनयन गतिविधि को संचालित किये। नये मनोनयन में अध्यक्ष वेदभूषण स्नेही ग्राम कैथा का चयन किया गया। आपसी सहमति से उपाध्यक्ष रम्हला मनहर, उमादेवी नवरत्न, वेद प्रसाद टंडन एवं दिनेश सांडे कार्यकारी अध्यक्ष पुकराम कुर्रे, संरक्षक हरिचंद भारद्वाज, सचिव मुकेश खुंटे, सह सचिव भुनेश्वरी बंजारे, विधि सलाहकार गणेश कुमार बंजारे प्रवक्ता विरेन्द्र कमल, कोषाध्यक्ष गनपत बंजारे मनोनीत हुए। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यादराम हिरवानी, सडोल संरक्षक राजमहंत पी के घृतलहरे, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामदास जांगड़े, महेश राम कुर्रे, लालजी हिरवानी, नील कुमार चेलक, सालिक राम घृतलहरे, मुकेश खुंटे, टी आर घृतलहरे, गिरवर निराला आदि सहित परिक्षेत्र के सभी वरिष्ठ सामाजिक जन भारी संख्या में शामिल रहे।

### नव नियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

इसी तरह भटगांव परिक्षेत्र का भी मनोनयन सामाजिक एकता एवं सौहार्द्रता को बनाये रखते हुए अध्यक्ष संतोष कुर्रे, उपाध्यक्ष कुछ सीमा जोशी, शिवकुमार भारती, पन्ना लाल बंजारे एवं रविन्द्र खुंटे, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुर्रे, सचिव मनोज निराला, सह सचिव रमेश घृतलहरे, प्रवक्ता राजकुमार टंडन, मीडिया प्रभारी भान सिंह निराला, कार्यकारिणी सदस्यों में चंद्रशेखर हिरवानी, ईश्वर लहरे, महेन्द्र कुमार, मनोहर टंडन, ब्रिजेन्द्र निराला, दल साय भारती, खगेश कुर्रे, राजा बघेल, पवन कुर्रे, मिथुन मनहर, वयकंटेश्वर मनहर, आशा मनहर, पार्थ बंजारे, आन्नंद रात्रे, टीका नारंग, सुनील भारती, संरक्षक भुनेश्वर नारंग को सर्वसम्मति से बनाया गया। चुनाव प्रभारी अश्वनी जाटवर, राजकुमार टंडन, मनोज, किशोर सोनवानी एवं रामचरण कोसरिया ने अपने महती भूमिका निभाई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं समाज के वरिष्ठजनों ने दी है। आगामी दिनों परिक्षेत्र सरसीवां एवं खंड स्तर का गठन भी होना है।

